# मेरे दिल में तेरी तस्वीर है | By Sonu Rajasthani

मेरे दिल में तेरी तस्वीर है
तेरा द्वार मेरी तक़दीर है
मुझे एक पल चैन ना आवे
तू ही सबकुछ तू ही मेरा पीर है

सुनले ओ मेरे श्याम मेरे ख़्वाबों में तू है
ख़्वाबों में तू है ख्यालों में तू है
मेरी दुनिया में अब तू ही तू है
तुझमे देखा मैंने अपना ज़मीर है

दिल करता है मैं भी श्याम खाटू में आऊं
खाटू में आके दर्शन बाबा तेरे पाऊं
लेकिन तू ही बता मैं कैसे आऊं
मेरे पाँव में गरीबी की ज़ंजीर है

कभी तो मिलो श्याम आकर के
खुश हो जाऊँगा तुम्हे पाकर के
मैं कैसे कहूं अपनी जुबां से
तू अब तो मेरी जागीर है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a4%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a5%80%e0%a4%b0-%e0%a4%b9/